Bihar News: नवादा में बड़ी कार्रवाई, नकली दवाओं के रैकेट का भंडाफोड़, नामी कंपनियों के नाम पर चल रहा था काला खेल

Bihar News: बिहार के नवादा जिले में नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। थाली थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली दवाएं, उनके रैपर और निर्माण सामग्री जब्त की है। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। नकली दवाओं के अवैध कारोबार के सनसनीखेज खुलासे से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर नकली दवाओं की री-पैकिंग कर बाजार में खपाने का खेल चल रहा था।

Source: https://news4nation.com/bihar/nawada/fake-drug-racket-busted-black-market-was-being-run-in-the-name-of-famous-companies-633293